लुंगी का जो भाग टख़नों से नीचे लटकेगा, वह जहन्नम में जाएगा।

अबू हुरैरा -रज़ियल्लाहु अनहु- का वर्णन है कि अल्लाह के नबी -सल्लल्लाहु अलैहि व
सल्लम- ने फ़रमाया है : "लुंगी का जो भाग टख़नों से नीचे लटकेगा, वह जहन्नम में
जाएगा।"
[स़ह़ीह़] [इसे बुख़ारी ने रिवायत किया है]

अल्लाह के नबी -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने पुरुषों को शरीर के निचले आधे भाग को ढाँपने वाले कपड़ों, जैसे पाजामा एवं पेंट आदि को टखनों से नीचे लटकाने से सावधान किया है। आपने बताया है कि टखनों के नीचे के जितने भाग पर कपड़ा लटका हुआ रहेगा, वह हिस्सा दंड के तौर पर आग में रहेगा।

http://sunnah.global/hadeeth/hi/show/66386